an>

Title: Need to make motorable steep slop on National Highway No. 3 near Ganapati Ghat in Dhar Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्रीमती सावित्री ठाकुर (धार) ः मेरे संसदीय क्षेत्र धार (मध्य प्रदेश) में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 03 आगरा से मुम्बई पर स्थित विन्ध्यांचल पर्वत से होकर जाने वाले गणपति घाट में अति तीव्र ढलान होने के कारण आये दिन दुर्घटनाओं में लोगों की जान और माल का नुकसान होता है। मेरा अनुरोध है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 3 आगरा से मुम्बई के गणपति घाट पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक टेक्निकल टीम गठित की जाए। इसके अलावा, लाइट मोटर वेहिकल्स (एल.एम.वी.) हेतु अलग से एक बाईपास रोड बनवाई जाए। जब तक ये व्यवस्था पूरी नहीं होती तब तक स्पीड नियंत्रण में रखने वाले उपकरणों अथवा दूसरी जरूरी व्यवस्था की जाए।